卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 237 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦4 जून 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## भाजपाईयों ने किया विकास भवन कूच

### गरीबों को उजाड़ने के नोटिस के खिलाफ गरजे भाजपाई

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। किच्छा पंतनगर समेत कई स्थानों पर वर्षो से बसे लोगों को उजाड़े जाने के नोटिस दिये जाने के खिलाफ रविवार को किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला की अगुवाई में बड़ी संख्या में लोगों ने विकास भवन कूच कर जिला प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान राजेश शुक्ला ने जिला प्रशासन को खुली चुनौती दी उन्होंने कहा कि हिम्मत है तो प्रशासन इन गरीबों को उजाड़कर दिखाये। बता दें जिले भर में सिचाई विभाग, वन विभाग, लोक निर्माण विभाग की ओर से अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस जारी किये जा रहे हैं। इनमें तमाम ऐसे लोगों को भी नोटिस दिये गये हैं



जो दशकों से भूमि पर काबिज हैं। इसके खिलाफ लोगों में गुस्सा है। आक्रोशित लोगों के साथ रविवार को किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने विकास भवन कूच किया और जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान आयोजित सभा में राजेश शुक्ला ने कहा कि कुछ अधिकारी सरकार को बदनाम करने की मंशा से काम कर रहे हैं। ये अधिकारी चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को नुकसान पहुंचाना चाहते है। उन्होंने कहा कि जब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी खुद ये ऐलान कर चुके हैं कि जो पुरानी बसावट है और जो राज्य गठन से पहले से सरकारी जमीनों पर बसे हैं उन्हें नहीं उजाड़ा जायेगा। ऐसे लोगों को उजाड़ने से पहले उनके पुनर्वास की व्यवस्था की जायेगी। सीएम के इस खुले ऐलान के बाद भी अधिकारी गरीबों को नोटिस थमा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की मनमानी (शेष पृष्ठ 7 पर)

## कड़ी सुरक्षा में उत्तराखण्ड पहुंचे पंडित धीरेंद्र शास्त्री

देहरादून (उद संवाददाता)।बागेश्वर धाम के मुखिया पंडित धीरेंद्र शास्त्री विशेष चार्टड प्लेन से रविवार को जौलीग्रांट पहुंचे। एयरपोर्ट से कड़ी सुरक्षा के बीच बदरीनाथ धाम के लिए रवाना हुए। धीरेंद्र शास्त्री विशेष विमान में सवार होकर सुबह 11 बजे एयरपोर्ट पहुंचे थे। एयरपोर्ट पर उनके पहुंचते ही उनके साथ फोटो खिंचवाने को भीड़ उमड़ पड़ी, लेकिन उनकी कड़ी सुरक्षा के कारण कुछ लोग ही उनके साथ फोटो खिंचवा पाए।



जिसके बाद वह एयरपोर्ट से रवाना हो गए। उनके कार्यक्रम को गोपनीय रखा गया था। जिस कारण उनके एयरपोर्ट आने के बाद ही एयरपोर्ट कर्मियों को पता चला। लंबे समय से चर्चा में बने हुए मध्य प्रदेश के बाबा बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री इससे पहले उत्तराखंड पहुंचे थे। सोशल मीडिया पर पोस्ट (शेष पृष्ठ सात पर)

## कार खाई में गिरने से एक की मौत,दो गंभीर

भवाली(उद संवाददाता)। पहाड़ों पर हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे। रविवार को एक और हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि दो को गंभीर हालत में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार रविवार को नैनीताल से कैंची धाम जा रही एक कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। आस पास से गुजर रहे लोगो ने 112 में फोन कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुँची पुलिस ने खाई से तीन लोगों को रेस्क्यू कर अपने वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। अस्पताल पहुँचने से पहले एक नए दम तोड़ दिया।कोतवाल उमेश मलिक ने



बताया कि घायलो हल्द्वानी हायर सेंटर रेफर किया गया है। शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है साथ ही परिजनों को सूचना दी गई है।

### खड़े ट्रक से भिड़ी बाइक,युवक की मौत

देहरादून (उद संवाददाता)। शनिवार देर रात प्रेमनगर में अनियंत्रित बाइक खड़े ट्रक से भिड़ गयी। हादसे में बाइक चालक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शुभमपाल निवासी शेरपुर शिमला बाईपास रोड रात करीब 11 बजे प्रेमनगर से अपने घर की तरफ आ रहा था। हिमगिरी कालेज के पास सड़क किनारे एक ट्रक खड़ा था। अंधेरा अधिक होने के चलते बाइक ट्रक से जा टकराई, जिससे शुभम पाल गंभीर रूप से घायल हो (शेष पृष्ठ सात पर)

## ट्रेन की चपेट में आई बाइक,बड़ा हादसा टला

लालकुआं (उद संवाददाता)। बरेली सिटी से काशीपुर जा रही 05351 डेमो एक्सप्रेस ट्रेन एक दुर्घटना का शिकार होते हुए बची। लालकुआं काशीपुर रेलखंड के गूलरभोज के पास आवासीय कॉलोनी से रेल पटरी को मोटरसाइकिल से पार करने का असफल प्रयास करते समय तेज गति से आ रही डेमू ट्रेन की चपेट में बाइक आ गई जिसे बाइक सवार मौके पर छोड़कर फरार हो गया लोको पायलट द्वारा इमरजेंसी ब्रेक लगाकर किसी तरह ट्रेन को कंट्रोल किया गया। लोको पायलट की सतर्कता के चलते एक बड़ा हादसा टल गया।घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे रेलवे सुरक्षा बल और रेल प्रशासन ने जांच




पड़ताल प्रारंभ कर दी है। घटना के बाद बाइक सवार फरार बताया जाता है। बताया जाता (शेष पृष्ठ सात पर)

### रेलवे ट्रैक पर युवक का शव मिलने से सनसनी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।काशीपुर रोड फ्लाई ओवर के नीचे रेलवे ट्रैक पर अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक रविवार को किसी ने पुलिस को सूचना दी कि काशीपुर रोड फ्लाईओवर के नीचे शव पड़ा है। जिस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो रेलवे ट्रक पर एक युवक का शव मिला। मृतक की उम्र करीब 32 वर्ष है। पुलिस ने उसकी शिनाख्त के प्रयास किये (शेष पृष्ठ सात पर)

## संकट में 'भगवान केदार', गहरी नींद में 'धामी सरकार'

### मंदिर पर मंडराता बड़ा यांत्रिक संकट, हेलीकॉप्टर का शोर मंदिर के लिए घातक, जीव- जंतुओं का बिगड़ रहा ब्रीडिंग चक्र, लुप्त हुई तितलियों की दुर्लभ प्रजातियां

■ अर्श

देहरादून। यांत्रिक एवं भौतिक सुख-सुविधाओं के आज के इस दौर से पहले भक्तगण भगवान केदार नाथ के दर तक पहुंचने के लिए ना जाने कितने जतन करते थे । उबड़ -खाबड़ पैदल पथ की तमाम दुश्वारियोसे दो-चार होने और बड़ी तपस्या के बाद जाकर कहीं भक्तों को भगवान केदारनाथ के दर्शन नसीब हो पाते थे। मगर आज हमने भगवान केदारनाथ की चौखट तक पहुंचने के ऐसे- ऐसे शॉर्टकट रास्ते बना लिए हैं ,जिनसे केदारनाथ मंदिर पर ही संकट मंडराने लगा है । भगवान के घर तक पहुंचने के लिए यांत्रिक एवं सुविधा युक्त भौतिक साधन विकसित करने की विवेकहीन होड़ का यह जीता-जागता नमूना उत्तराखंड के केदारनाथ धाम में देखने को मिल रहा है। केदारनाथ धाम में इन दिनों हर 5 मिनट में हेलीकॉप्टरों की गड़गड़ाहट आसमान में गूंज रही है। इन हेलीकॉप्टरों की गड़गड़ाहट के शोर से केदारघाटी में कंपन पैदा होता है और विशेषज्ञों के अनुसार यह कंपन ही केदारनाथ मंदिर के लिए एक बड़ा संकट है, जिसकी अनदेखी केदारनाथ मंदिर के अस्तित्व पर भारी पड़ सकती है ।केदारनाथ घाटी क्षेत्र में हेलीकॉप्टर की बढ़ती उड़ानों की संख्या को लेकर पर्यावरण विशेषज्ञ सरकार को काफी पहले से चेताते आ रहे हैं ,परंतु उत्तराखंड सरकार केदार घाटी क्षेत्र में हेलीकॉप्टर की उड़ानों को विनियमित करने की बजाय हर साल नई-नई उड्डयन कंपनियों को केदारघाटी में उड़ान भरने के लिए की अनुमति दे रही है। नतीजतन 25 अप्रैल से 14 नवंबर 2023 तक चलने वाली इस वर्ष की केदारनाथ यात्रा में 9उड्डयन कंपनियां ,श्रद्धालुओं को केदारनाथ मंदिर लाने-लेजाने के लिए हेलीकॉप्टर उड़ान की सेवाएं प्रदान कर रही हैं। बता दें कि हेलीकॉप्टर द्वारा केदारनाथ मंदिर तक पहुंचने की चाह रखने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए इस बार 9 हेलीपैड उपयोग में लाए जा रहे हैं। यह हेलीपैड देहरादून से लेकर फाटा तक फैले हैं। अनुज्ञप्ति धारी 9 उड्डयन कंपनियों में से प्रत्येक कंपनी के हेलीकॉप्टर तकरीबन 27 से 30 फेरे तक रोज लगाते हैं और यह उड़ान भी निर्धारित ऊंचाई से नीचे रहती है। गौरतलब है कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने सरकार से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा था, कि कोई भी हेलीकॉप्टर केदारनाथ सेंचुरी में 600 मीटर से नीचे उड़ान ना भरे और उसकी आवाज भी 50 डेसिबल से अधिक ना हो, लेकिन फेरे जल्दी पूरा करने और फ्यूल बचाने के लिए हेलीकॉप्टर 250 मीटर ऊंचाई तक उड़ते हैं और उनकी आवाज भी दुगनी होती है। चिंताजनक पहलू तो यह है कि अधिक लाभ कमाने के फेर में उड्डयन कंपनियों द्वारा हेलीकॉप्टर उड़ान के निर्धारित मानदंडों के इस घोर उल्लंघन पर राज्य सरकार ने अपनी आंखें पूरी तरह बंद कर रखी है। जबकि केदार घाटी के ताजा हालात के मद्देनजर विशेषज्ञों की चेतावनी गहरी चिंता में डालने वाली है। विशेषज्ञों का कहना है कि क्योंकि यह पवित्र मंदिर ग्लेशियर को काटकर बनाया गया है इसलिए हेलीकॉप्टर के शोर से घाटी के दरकने की आशंका और हेलीकॉप्टर के धुएं के कार्बन से पूरा इलाका एक बड़े खतरे की जद में है । केदारनाथ के लिए 1997-98 तक केवल एक हेलीपैड था ।अब इनकी संख्या 9 हो गई है और यह देहरादून से फाटा तक फैले हैं साथ ही ये 9 कंपनियों के लिए उड़ान की सुविधा देते हैं । आठ साल पहले तक केदारनाथ के लिए कुल 10-15 उड़ानें थी ।अब केदारनाथ वैली में सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक हेलीकॉप्टर रोजाना 250 से अधिक फेरे लगाते हैं। इनका शोर और इनसे निकलने वाला कार्बन ग्लेशियर काटकर बनाए गए मंदिर और उसकी पूरी घाटी के लिए कितना बड़ा संकट पैदा कर रहे हैं ? इसका अनुमान राज्य सरकार को समय रहते लगाना ही होगा क्योंकि केदारनाथ घाटी हिमालय के सबसे संवेदनशील क्षेत्रों में आती है । केदारनाथ धाम में तेजी से बढ़ रही यात्रियों की संख्या पहले ही चिंतित करने वाली है ,उस पर हेलीकॉप्टरों का यह शोर और इनकी बढ़ती संख्या किसी विकराल संकट का रूप न ले ले यही एक बड़ा डर है।उधर केदारनाथ घाटी पर जीव विज्ञानियों एवं पर्यावरणविदों का ताजा निष्कर्ष तो और भी चिंता में डालने वाला है । इस निष्कर्ष में यह (शेष पृष्ठ सात पर)





# अंतर्राष्ट्रीय सट्टा गैंग का किया पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

## दुबई से संचालित गिरोह से जुड़े थे दोनों सटोरिये

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलभट्टा पुलिस ने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के बड़े सट्टा गैंग का पर्दाफाश करते हुए दो सटोरियों को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर जुआरियों सटोरियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष पुलभट्टा कमलेश भट्ट के नेतृत्व में गठित टीम ने चेकिंग के दौरान शंकर फार्म कट के पास स्विफ्ट कार संख्या यूके06एबी-8500 स्वीफ्ट कार में टू बेट एप्प के जरिये सट्टा लगवा रहे नरेन्द्र कुमार सिन्धी पुत्र ठाकुरदास निवासी गिद्धपुरी किच्छा व उसके साले जितेन्द्र कुमार सिन्धी पुत्र स्व जेठानन्द ज्ञानचन्दानी निवासी वैशाली नगर मोहल्ला अजमेर राजस्थान को गिरफ्तार कर लिया। दोनां के पास से 5 मोबाई फोन ,35,700 रूपये नगद, डायरी पेन भी बरामद किया गया। पूछताछ मे दोनो ने बताया गया कि उनका एक संगठित गिरोह है जो टू बेट अजमेर नाम के एप्प से क्रूम ब्राउजर मे एडमिन की मदद से लोगो को आपस में जोडकर सट्टा लगवाते हैं। जीतने वाले को रकम दुगुनी कर दी जाती है। परन्तु पैसे का लेन देन नगद मे करते हैं। प्रत्येक शहर या इलाके मे इन लोगों ने अपने मैनेजर नियुक्त किये हैं जो पैसो का लेन देन करते हैं। पकडे गये दोनो अभियुक्तो की लिमिट 25-25 लाख रूपये की है जिनके उपर राजू और नन्दू नामक लोग है। जो क्रमश: अजमेर और रूद्रपुर,किच्छा, हल्द्वानी, पीलीभीत ,बरेली आदि जिलों की मैनेजरशिप है। जहाँ से वह जीतने वाले और हारने वालो के पैसों का लेन देन देखता है । जितेन्द्र सिन्धी के मोबाईल फोन मे उक्त एप्प से विगत 2




दुबई में बैठते हैं जिनकी 50-50 लाख रूपये की लिमिट है और उक्त गिरोह के सरगना और एडमिन लल्लू भाई व पटेल भाई है। जो दुबई में रहते है और वहीं से सारा गिरोह संचालित करते है जिनकी लिमिट 100-100 करोड रूपये की है। पकडे गये नरेन्द्र कुमार सिन्धी के पास माह मे 50 लाख से भी अधिक रूपये का लेन देन होने की पुष्टि हुयी है। एसओजी उधमसिहनगर की मदद से आरोपियों से जुडे हुए स्थानीय सट्टा खेलने वालों का पता लगाया जा रहा है । गिरफ्तार दोनों आरोपियों के विरूद्ध थाना पुलभट्टा मे मुकदमा पंजीकृत किया गया।

# अतिक्रमण के नाम पर अनावश्यक नोटिस न भेजें अधिकारी: अजय भट्ट

पंतनगर (उद संवाददाता)। केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्यमंत्री एवं नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद श्री अजय भट्ट ने पंतनगर एनेक्सी में जिले के अधिकारियों के साथ बैठक कर अतिक्रमण के नाम पर अनावश्यक नोटिस न देने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि विभाग सहित सिंचाई विभाग व अन्य अधिकारियों की बैठक पंतनगर एनेक्सी गेस्ट हाउस में की। इस दौरान श्री भट्ट ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि अतिक्रमण के नाम पर अनावश्यक नोटिस न दिए जाएं। श्री भट्ट ने कहा कि अमूमन यह देखा जा रहा है की विभिन्न विभागों के निचले धार्मिक गतिविधियों की आड़ में हाल- फिलहाल में हुए अतिक्रमण को हटाया जाना है। इस संबंध में अलग से शासनादेश भी जारी हुआ है। उन्होंने स्थानीय जनता और व्यापारियों को भी आश्वस्त किया है कि सरकार उन्हें किसी तरह की परेशानी नहीं होने देगी। बैठक में विध



धार्मिक गतिविधियों की आड़ में हुए अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए थे। श्री भट्ट ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि धार्मिक गतिविधियों की आड़ में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्यवाही की जाए। श्री भट्ट ने उधम सिंह नगर में जिला प्रशासन, वन विभाग, सिंचाई विभाग, लोक निर्माण स्तर के अधिकारियों द्वारा अनावश्यक रुप से पैनिक फैलाया जा रहा है जो लोग अतिक्रमण की जद में भी नहीं है उन्हें भी नोटिस देकर अनावश्यक परेशान करने जैसी शिकायतें उनके पास भी प्राप्त हुई हैं। उन्होंने विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा पूर्व में भी यह कहा गया है कि ायक शिव अरोरा, मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजू नाथ टी सी एसडीएम मनीष बिष्ट ,रुद्रपुर के मेयर रामपाल, तहसीलदार पूजा शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल डीएफओ संदीप कुमार सांसद प्रतिनिधि विपिन जलहोत्रा सहित कई अधिकारी व कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# संत कबीर दास जी ने दुनिया को दिखाई सही दिशा: शिव

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। महान संत शिरोमणि कबीरदास जी के प्रकट दिवस पर रम्पुरा स्थित कबीरदास की प्रतिमा पर विधायक शिव अरोरा ने भाजपा कार्यकर्ताओं व कबीर पन्त के अनुयायी कोली समाज के लोगों के साथ माल्यार्पण कर उनको नमन किया। विधायक शिव अरोरा ने कहा सन्त कबीरदास ने देश ही नही अपितु पूरे विश्व अपनी महाकाव्य ,रचनाओं एवं दोहों के माध्यम से समाज



मे होने वाली भेदभाव उच्च नीच की बुराई को खत्म करने का काम किया। ऐसे महान संत का आज पूरा देश प्रकट उत्सव मना रहा है, उनके बताए धर्म और सच के मार्ग पर चल के हम सभी उनकी प्रेरणा से समाज हित राष्ट्र हित मे अपनी सेवा देने का कार्य कर रहे हैं। विधायक शिव अरोरा ने कहा कबीरदास की जयंती पर समस्त क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दी और कहा कबीरदास की रचनाएं आज भी इतिहास में दर्ज है जिसके एक एक शब्द में ज्ञान का सागर समाहित है। इस दौरान माल्यार्पण में मेयर रामपाल, मण्डल अध्यक्ष धर्म सिंह कोली, पूर्व मेयर पति सुरेश कोली, महेन्द्री शर्मा, डॉ महेश कोली, राजकुमार कोली, नेत्रपाल मौर्य, गिरिश पाल, त्रिलोक कोली, मयंक कक्कड़, भगत लाल, विक्की वाल्मीकि, नमन चावला, अनिल कोली, नीलकांत , अर्पित सिंह, लालमन कोली सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# नकली सीमेंट की फैक्ट्री का भंडाफोड़

काशीपुर( उद संवाददाता)। पुलिस ने अलीगंज रोड पर नकली सीमेन्ट फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए एक व्यक्ति को ट्रक, एक कैन्टर, डेमेज सीमेन्ट के 1250 कट्टे सहित गिरफ्तार किया है। एसटीएफ कुमायूं के निरीक्षक एमपी सिंह ने कोतवाल काशीपुर मनोज रतूड़ी को सूचना दी कि अलीगंज रोड पर पैराडाइज कालोनी के पास एक नकली सीमेन्ट बनाने की फैक्ट्री चलने की सूचना है। जिस पर कोतवाल मनोज रतूड़ी चौकी प्रभारी टांडा उज्जैन मनोज जोशी, एसआई सन्तोष कुमार देवरानी व कंचन पडलिया के साथ मौके पहुंचे वहां पर एसटीएफ के निरीक्षक एमपी सिंह, एसआई केजी मठपाल, हे.कां. जगपाल सिंह, संजय कुमार भी पहुंच गये। पुलिस की टीमें मौके पर पहुंची तो देखा कि पैराडाइज कालोनी की बगल मे एक बड़े से गोदाम के अन्दर सीमेन्ट की नकली फैक्ट्री चल रही थी। गोदाम के परिसर में एक ट्रक व एक कैन्टर खड़ा था। ट्रक में मौजूद ट्रक ड्राईवर ने अपना नाम भूपेन्द्र पुत्र अखलेन्द्र कुमार निवासी ग्राम मुड़िया होलास, थाना बरखेड़ा, जिला पीलीभीत बताया। उसने बताया कि उसके ट्रक में अल्ट्राटेक कम्पनी के डेमेज सीमेन्ट के कुल 550 कट्टे लदे हुये है जिसे वह रुद्रपुर से लेकर आया है। कैन्टर चालक ने अपना नाम अनस पुत्र यामीन निवासी टांडा बादली, रामपुर बताया और उसने बताया कि वह भी रुद्रपुर से सीमेन्ट के करीब 350 कट्टे लाद कर लाया है। इस माल को उसे दिल्ली लेकर जाना है।

# बहला फुसलाकर किशोरी को भगाया,पांच लोगों पर केस दर्ज

## दो लाख की नगदी और जेवर भी ले गयी किशोरी

काशीपुर( उद संवाददाता)। एक महिला समेत पांच लोगों ने किशोरी को षड्यंत्र के तहत बहला-फुसलाकर भगा लिया। घर से जाते हुए किशोरी दो लाख वीडियो की लगदी के अलावा लाखों के कीमती आभूषण साथ ले गई। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि आरोपियों द्वारा उसे लगातार ब्लैकमेल करते हुए दो लाख रुपयों की डिमांड की जा रही है। इस मामले को पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए उपरोक्त सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 363 384 506 आईपीसी के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर कोतवाली थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि बीते 31 मई को ग्राम जगतपुर निवासी अजीत सिंह उर्फ अज्जू पुत्र परमजीत सिंह, रवि पुत्र सतनाम सिंह, करमजीत सिंह उर्फ कर्मू पुत्र मंगत सिंह, राजकौर, परमजीत कौर पुत्री कश्मीर सिंह निवासी उपरोक्त ने आपस में एक राय होकर उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर घर से भगा दिया। घर से जाते हुए किशोरी दो लाख रुपयों की नकदी के अलावा लाखों के सोने चांदी के कीमती आभूषण भी साथ ले गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर उपरोक्त सभी पांचों आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए।

# बाईक सवार युवकों पर किया जानलेवा हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत दिवस बाईक पर सवार होकर पहाड़गंज जा रहे दो युवकों पर पहले से घात लगाकर बैठे लोगों ने लोहे की रॉड व धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज दपट में शफिक पुत्र अहमद नबी निवासी रेशमवाडी वार्ड 13 एवं नवी सेन पुत्र अली सेन निवासी पहाडगंज वार्ड 15 ने कहा है कि 2जून को जावेद पुत्र शफिक बाईक से आसिफ पुत्र नवीसेन को छोड़ने पहाड़गंज जा रहा था । तभी पहाड़गंज चौराहा पर विकेश उर्फ बाबा, उमेन्द्र यादव उर्फ बिल्ला, कपिल शर्मा, आकाश उर्फ बान्डा टेस्टर, अभय, यादव, विक्की, अभय सक्सेना नरेन्द्र मोमो वाला व इनके साथ 3-4 साथी घात लगाये बैठे हुए थे। जिन्होने तलवार, लोहे की रोड, कांपा, गुप्ती, कन्डासा, पंच से मारने की नियत से उन पर जान लेवा हमला दिया। जावेद के सिर पर तलवार मारी व आसिफ के हाथ पर तोड़ दिये। जब दोनों बेहोश हो गये तो उनको मरा हुआ छोड़कर हमलावर भाग गयें। सूचना मिलने पर अपने लडको को सरकारी अस्पताल लेकर गये जहाँ उनकी हालत नाजुक देखकर उन्हें सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी में रेफर कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बेखौफ धधक रही है अवैध कच्ची शराब की भट्ठियां गांवों के साथ शहरी क्षेत्र में भी शराब माफिया सक्रिय

काशीपुर(उद संवाददाता)। पुलिस प्रशासन द्वारा नशे के खिलाफ चलाए अभियान के क्रम में लगातार कार्यवाही करने के बावजूद इसका



असर कहीं से भी कम होता नहीं दिख रहा है। मजे की बात तो यह है कि एसएसपी के निर्देश पर चलाए अभियान को गति देने में आबकारी गुरेज करती दिख रही है तभी तो काशीपुर आईटीआई व कुंडा थाना क्षेत्र के दर्जनों गांवों में बेखौफ धधक रही है अवैध कच्ची शराब की भट्ठियां। ज्ञातव्य है कि पिछले दो दशक से भी अधिक समय से आईटीआई थाना क्षेत्र के कनकपुर, छोटी बरखेड़ी, बड़ी बरखेड़ी, खाई खेड़ा आदि गांवों के अलावा खड़कपुर देवीपुरा कोतवाली थाना क्षेत्र में रमपुरा आदि गांव अवैध कच्ची शराब के लिए कुख्यात माने जाते हैं। सूत्रों की माने तो उपरोक्त गांवों से हजारों लीटर जहरीली कच्ची शराब की रोजाना खपत की जा रही है। यह काबिले गौर है कि उपरोक्त गांव की आबादी का आधे से अधिक हिस्सा अवैध कच्ची शराब के कारोबार में लिप्त है। जानकारों की माने तो ग्रामीणों ने जहरीली कच्ची शराब को कुटीर उद्योग के रूप में अपना लिया है। सूत्र बताते हैं कि उपरोक्त गांवों से शराब की भारी-भरकम खेप रोजाना महफूज अड्डो को भेजी जाती है। यहां बता दें कि अवैध कच्ची शराब का सेवन कर अब तक दर्जनों जिंदगी या मौत के मुंह में चली गई है तो वहीं तमाम परिवार भूखमरी का दंश झेल रहे हैं। नशीली गोलियां इंजेक्शन के सहारे तैयार की जाने वाली अवैध कच्ची शराब का सेवन करने वाले तमाम गंभीर बीमारियों से पीड़ित होकर जीवन मृत्यु से संघर्ष कर रहे हैं लेकिन गोरखधंधा आज भी बंद नहीं हो सका। इसी तरह कुंडा थाना क्षेत्र के दर्जनों गांवों में अवैध कच्ची शराब का गैरकानूनी कारोबार खूब फल फूल रहा है। अवैध कच्ची शराब का कारोबार अकेले ग्रामीण इलाकों में ही नहीं फल-फूल रहा है वरन नगरीय क्षेत्र को भी इसने पूरी तरह चपेट में ले रखा है। कटोराताल पुलिस चौकी से बमुश्किल चंद कदम की दूरी पर एक दंपत्ति द्वारा पिछले कई वर्षों से अवैध कच्ची शराब का कारोबार किया जा रहा है। दीपक और राधा नामक दंपत्ति पूर्व में कई बार पकड़े जा चुके हैं लेकिन उनकी गतिविधियां आज भी यथावत है। इसी तरह टाटा उज्जैन चौकी क्षेत्र में सूअर (जानवर) के कारोबारी भाइयों के अलावा टांडा उज्जैन रेलवे क्रॉसिंग के समीप कुछ शातिर चेहरे कानून की आंख में धूल झोंककर खोखे में खुलेआम अवैध कच्ची शराब की बिक्री में लिप्त है। मजे की बात तो यह है कि कानून के हाथ ऐसे बड़े शराब तस्करों के गिरेबान तक नहीं पहुंच पाते जबकि छोटी मछलियांअक्सर पुलिस के चुंगल में फंस जाती है।

# अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक में पार्टी को मजबूत बनाने पर चर्चा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भाजपा कुमाऊँ संभाग कार्यालय में महा संपर्क अभियान के निमित भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की एक बैठक प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक में भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक के नेतृत्व में अल्पसंख्यक समाज में पार्टी को मजबूत करने के लिए कई विषय पर चर्चा की गई। मुख्य रूप से महिला सम्मेलन सैफी सम्मेलन मोदी मित्र आदि कार्यक्रमों को



लेकर रूपरेखा तैयार की गई। सभा में मुख्य रूप से मोर्चे के प्रदेश महामंत्री महमूद हसन बंजारा, जिला अध्यक्ष अली नकवी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजा कमाल, लाल मोहम्मद अंसारी, बूथ शक्ति केंद्र संयोजक शाहिद हुसैन, ताजिम, सलीम, नजमी, अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष महबूब अली, अमन अल्वी, भारतीय जनता पार्टी के सदस्य जियाउद्दीन कुरैशी सहित अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# रंगारंग कार्यक्रमों के साथ समर कैंप का समापन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। प्राथमिक विद्यालय छत्तरपुर में सप्ताह भर से चल रहे समर कैंप हर्षोल्लास तथा रंगारंग कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियां ने प्रभावित हुए तथा उन्होंने इनाम स्वरूप बच्चो को नकद धनराशि भी दी। समर कैंप के समापन समारोह में मुख्य अतिथि विधायक शिव अरोरा की पत्नी तथा समाज सेविका सीमा अरोरा रही। की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे अवकाश के समय में बच्चो के साथ लगे रहना तथा नवाचारी तरीके से बच्चो को रचनात्मक कार्यों में व्यस्त रखना समाज के लिए एक बहुत अच्छा ने बड़े लगन और उत्साह से सभी रचनात्मक गतिविधियों में भाग लिया तथा बॉटल पेंटिंग, वारली आर्ट, मधुबनी आर्ट, अखबार से लिफाफे बनाना, पुरानी प्लास्टिक के बोतलों से गुलदस्ता





वहां उपस्थित सभी लोगो का मन मोह लिया। समापन अवसर पर बच्चो ने समर कैंप में सीखी गई चीजों का प्रदर्शन किया तथा स्वागत गीत, कुमाऊनी नृत्य, पंजाबी गिद्दा और योग प्रस्तुत किया। छोटे- छोटे बच्चों द्वारा योग की प्रस्तुति देख सभी लोग बहुत उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी प्रस्तुति की भूरि- भूरि प्रशंसा की। श्रीमति अरोरा ने बच्चो को ध्यान लगाने के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा प्रतिदिन करने के लिए अभ्यास भी करवाया। उन्होंने अपने वक्तव्य में प्रधानाध्यापिका गायत्री पांडे के प्रयासों उदाहरण हैं क्योंकि ये बच्चे देश का भविष्य हैं। उन्होंने सभी बच्चो को उनके द्वारा किए गए अच्छे कार्यों की बधाई दी तथा उपहार स्वरूप ड्राइंग कॉपी, रंग तथा फ्रूटी प्रदान किया। प्रधानाध्यापिका गायत्री पांडे ने सबका आभार व्यक्त करते हुए बताया कि पूरे सप्ताह बच्चो बनाना, अनेकों प्रकार के पपेट बनाहा तथा कहानी निर्माण में बहुत रुचि दिखाई। ये सब काम निश्चय ही उनके जीवन में बहुत लाभकारी सिद्ध होगा। इस अवसर पर प्रिया कक्कड़, संदीप, विनय दिवेदी, रेणुका, कुमुद, बबिता, बसंती तथा बच्चो के अभिभावक उपस्थित थे।

# संत कबीर दास जी को किया नमन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्षों और पदाधिकारियों ने रम्पुरा स्थित संत कबीर दास जी की मूर्ति स्थल पर पहुंचकर उन्हें माल्यार्पण किया और उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया।इससे पूर्व संत कबीर दास जी की जयंती के अवसर पर उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा और महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष जगदीश तनेजा के नेतृत्व में कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्ष और कांग्रेस कार्यकर्ताओं



ने संत कबीर दास जी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया और उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। श्रीमती मीना शर्मा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ कबीरपंथी गुरुओं का सम्मान किया और उन्हें पगड़ी और फूल माला पहनाई। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा और श्री तनेजा सहित महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली, महानगर यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष रणजीत सिंह राणा, महानगर कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष संजीव रस्तोगी, महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रामप्रसाद, एनएसयूआई के चेतन भट्ट, पार्षद मोनू निषाद, पूर्व प्रधान और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय यादव, श्रीमती सरोज रानी, नत्थू लाल कोली ,राकेश कोली, कोमिल राम कोली, राजेश कुमार, रविंद्र गुप्ता, अरविंद सक्सैना ,बनारसीदास कोली, कालीचरण बाल्मीकि, ओमपाल सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

# ऐतिहासिक होगा 5 जून को होने वाला प्रदर्शन: मीना

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा ने कहा है कि सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ 5 जून को जिलाधिकारी खिलाफ हो रहे धरना प्रदर्शन में शामिल होंगे। श्रीमती शर्मा महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष जगदीश तनेजा के साथ शनिवार को कई बस्तियों में जनसंपर्क कर रही थी।इस दौरान अपने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार अतिक्रमण के नाम पर गरीबों को उजाड़ने पर अमादा है पूरे जिले में अतिक्रमण के नाम पर गरीब व्यापारियों और लोगों को उजाड़ा जा रहा है जिसे



कांग्रेस किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी।श्रीमती शर्मा और श्री तनेजा ने 5 जून को कलेक्ट्रेट में होने वाले धरना प्रदर्शन में सभी से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की।इस अवसर पर कांग्रेस नेता अनिल शर्मा, जमुना कोली, कार्यालय के सामने पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ के नेतृत्व में होने वाला धरना प्रदर्शन ऐतिहासिक होगा।श्रीमती शर्मा ने कहा कि सरकार की नीतियों के खिलाफ लोगों में जबरदस्त आक्रोश है और 5 जून को सभी लोग कलेक्ट्रेट पहुंचकर सरकार के संबोधन में श्री तनेजा ने भाजपा सरकार पर जमकर प्रहार किए उन्होंने कहा की राज्य सरकार जानबूझकर लोगो का उत्पीड़न कर रही है जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गंगापुर रोड स्थित शास्त्री नगर कॉलोनी में श्री तनेजा और श्रीमती शर्मा ने एक बैठक को छत्रपाल राठौड़, रामलली, जमील अहमद, पुष्पा देवी, कौशल्या, महिपाल, असलम, रवि कुमार, कृष्णपाल, शेखर, अरविंद, रामभरोसे, प्रशांत, दुर्गावती, सीमा देवी, केवल राम, माधुरी, सीमा, मुनव्वर खान, शमशेर अली सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

# कबीर साहब के विचार आज भी प्रासंगिक: ठुकराल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सद्गुरु कबीर साहब के 625 के प्रकट दिवस पर कबीर द्वार पर स्थित कबीर साहेब की प्रतिमा पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल और कोली समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष खेमचंद कोली के नेतृत्व में रमपुरा के लोगों ने माल्यार्पण कर आरती की। इस मौके पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कबीर साहब के दोहे आज भी प्रासंगिक के और आम जनमानस के मानसिक पटल पर अपना प्रभाव छोड़ते हैं। इससे समाज में विषमता और बुराइयों का अंत होता है। अखिल भारतीय कोली समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष खेमचंद कोली ने कहा कि कबीर साहब ने कुरीतियों अंधविश्वास और पांखड जड़ समाप्त किया,जिससे समाज को नई दिशा मिली। इस मौके पर किच्छा नगर पालिका के चेयरमैन दर्शन कोली,दिल्ली प्रदेश के प्रदेश महासचिव डॉ राजेश अन्न,समाज सेवी संजीव



गुप्ता, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य करन सिंह कोली, उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष हिम्मत राम कोली, शैलेंद्र कोली संत अमर दास नत्थू लाल दास पृथ्वी दास चंद्रपाल दास, मुकेश कोली सावंत कल्लू राम कोली ओम प्रकाश कोली,बाबूराम कोली, कोमिलराम कोली, विनोद कुमार कोली, देव कोली, राजकुमार कोली, संजीव कोली, शंकर कोली, राजू कोली, सरदार रामसेवक सिंह, रामू सिंह, बाबू राम कोली, रामप्रकाश कोली, रतनलाल भगत जी , एडवोकेट लालू प्रसाद किच्छा, केदार कोली राजेश कोली, कल्लू कोली रवि कोली, पवनकोली, अमर कोली, प्रेम कोली, कृष्णा कोली, भवन दास कोली , लेखराज कोली, वशीम त्यागीजी, कुंवरसेन कोली, नवीन लोहनी, भूरे कोली राजेश कोली, बाबूराम कोली, तेजभान कोली, आशू, दीपक कोली आदि मौजूद थे।

# महिला पहलवानों के समर्थन में किया प्रदर्शन

गदरपुर(उद संवाददाता)। लगभग डेढ़ माह से जंतर मंतर पर न्याय की मांग कर रही महिला पहलवानों के समर्थन में एकम सनातन भारत पार्टी की महिला शाखा की कार्यकर्तियां जोरदार नारेबाजी के साथ सड़क पर उतर बाजार स्थित हजारी लाल पेट्रोल पंप के निकट एकत्र हुई। यहां पर नारेबाजी करते हुए न्याय के लिए धरना प्रदर्शन कर रही महिला पहलवानों के समर्थन में प्रदर्शन किया। कार्यकत्रियों को सम्बोधित करते हुए रामश्री सैनी ने कहा कि




आयी। उन्होंने प्रदर्शन करते हुए आरोपी ब्रजभूषण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के मामले में सख्त कार्यवाही की मांग की। शनिवार को नवगठित राजनीतिक पार्टी एकम सनातन भारत की रामश्री सैनी एवं पूजा पाण्डे के नेतृत्व में दर्जनो महिला कार्यकर्ता मुख्य महिला पहलवानों ने कुश्ती में विभिन्न विश्व स्तरीय प्रतियोगिताओं में मैडल जीत कर देश का गौरव बढ़ाया है। जिसमें विवेक फौगाट व साक्षी मलिक ने मैडल जीतकर देश का मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि यह देश का दुर्भाग्य है कि कुश्ती फैडरेशन के अध्यक्ष ब्रज भूषण सरन सिंह पर महिला पहलवानो ने यौन शौषण के आरोपों पर भारत सरकार ने अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की है। एक बार तो दु:खी व हताष होकर सारे पहलवान अपने मैडल गंगा जी नदी हरिद्वार में बहाने तक की कार्यवाही करने वाले थे। पूजा पांडे ने कहा कि उनका संगठन एकम सनातन भारत देश का गौरव बढ़ाने वाली महिला पहलवानों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलेगा।एकम सनातन भारत पार्टी की स्टीयरिंग कमेटी के प्रमुख और उधम सिंह नगर के जिला संयोजक डॉ.आरके महाजन ने पहुंचकर प्रदर्शन कर रही महिलाओं का उत्साहवर्धन किया उन्होंने महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोपी बृजभूषण सरण सिंह की गिरफ्तारी एवं कानूनी कार्रवाई की मांग की । प्रदर्शन करने वाली महिलाओं में विजया पांडे, अनोखी देवी,माया देवी, उर्मिला देवी,रानी देवी,मूर्ति देवी, चन्दा चौहान,भागवती,माया देवी, लक्ष्मी सक्सेना,लक्ष्मी देवी,पूजा रानी, पूनम,पूजा देवी, पार्वती,अल्का आदि शामिल थी।

# ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से सब्जी बेच रही महिला की मौत, एक गंभीर

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। सड़क किनारे सब्जी बेच रही महिला की ठेली को ट्रेक्टर ट्राली ने जबरदस्त टक्कर मार दी। ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से सब्जी बेच रही महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सब्जी खरीद रही एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई । जिसे खटीमा स्वास्थ्य केंद्र में उपचार हेतु ले जाया गया, सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया, जबकि ड्राइवर मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 4 बंगाली कॉलोनी नानकमत्ता निवासी 50 वर्षीय आरती बाला पत्नी कृष्ण वाला रोजाना की तरह सब्जी बेचने के लिए घर से निकली थी। ग्राम मिलक माफी के पास रोड पर अपने गांव की ही महिला आरती गोलदार पत्नी संजय गोलदार सब्जी खरीद रही थी। इसी दौरान बिजली कॉलोनी की तरफ से आ रही ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर महिला की ठेली को रौंदते हुए सामने बने घर की दीवार पर जाकर रुक गई। ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से सब्जी बेचने वाली महिला आरती बाला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सब्जी खरीद रही आरती गोलदार गंभीर रूप से घायल हो पुलिस के एसआई संजय कुमार मौके पर पहुंच गए, घटनास्थल से ट्रैक्टर ड्राइवर मौके से ही फरार हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को अपने कब्जे में ले लिया है। मृतक महिला आरती बाला और उसका बेटा किशोर बाला





गई। आरती बाला को सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया। घायल आरती गोलदार को घायल अवस्था में खटीमा भेजा गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही थाना सब्जी का ठेला लगाकर अपने परिवार का भरण पोषण करते थे, लेकिन महिला ही सब्जी बेचने के लिए आई थी। घटना स्थल पर ठेली पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि स्पीड ब्रेकर लगे होते तो शायद ऐसी दुर्घटना नहीं होती।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर स्वच्छता अभियान का आयोजन कल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी के पावन आशीर्वाद से विश्व को वैश्विक प्रदूषण एवं ग्लोबल वार्मिंग के संकट से बचाने हेतु संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा, संत निरंकारी चौरिटेबल फाउंडेशन द्वारा संयुक्त राष्ट्र की थीम 'बीट प्लास्टिक पोल्युशन' के विषय अनुरूप कल 5 जून को 'विश्व पर्यावरण दिवस' के अवसर पर देश के 15 स्थानों में मेगा स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए सचिव जोगेंद्र सुखीजा ने बताया कि नैनीताल शहर के फ्लैट्स मैदान माल रोड व नैनीताल झील के किनारे की सफाई व वृक्षा रोपण कार्यक्रम का कार्यक्रम प्रात: 8 :30 बजे से प्रार्थना के साथ शुरू होगा। मिशन के युवा स्वयंसेवक 'बीट प्लास्टिक पोल्युशन' की थीम पर नुक्कड़ नाटिकाओं (नुक्कड़-नाटक) का आयोजन कर लोगों को पर्यावरण संकट के प्रति जागरूक करेंगे। उन्होंने सभी से इस मौके पर पहुंचने की अपील की।

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
05944-246817

# शहीद ऊधम सिंह मेमोरियल ब्लड सेंटर का शुभारंभ





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर के सिविल लाइन में आज शहीद उधम सिंह मेमोरियल ब्लड सेंटर का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्धघाटन विधायक शिव अरोड़ा और कुमार ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के सीएमडी शिव कुमार अग्रवाल के कर कमलों से किया गया। इस अवसर पर विधायक शिव अरोड़ा एवं शिव कुमार अग्रवाल ने शहीद उधम सिंह मेमोरियल ब्लड सेंटर के निर्देशकों डॉ. प्रशांत पाठक, डॉक्टर जसविंदर गिल, डॉ.राहुल किशोर, डॉ. नितिन बठला, डॉ. अजय अरोड़ा एवं डा. मनदीप सिंह को बधाई व भविष्य में इसी तरह के कार्यों को शहर में सुचारू रूप से जारी रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ब्लड सेंटर समय पर जरूरत मंद लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरे यही सबकी अपेक्षा है। शहीद उधम सिंह मेमोरियल ब्लड सेंटर के



उद्घघाटन में गुरु नानक चौरिटेबल सोसायटी, हेल्प टू अदर सोसायटी, जागो फाउंडेशन, रेड क्रॉस सोसाइटी, देवभूमि फाउंडेशन, प्यारी बिटिया सेवा कल्याण समिति, हरेंद्र सिंह चौक ब्लड हेल्पलाइन, जागृति ट्रस्ट, भारत विकास परिषद, रेड क्लब, नन्हे कदम, शहीद भगत सिंह सेवा समिति, सोचो डिफरेंट, शहीद बाबा दीप सिंह सेवा सोसायटी, वंदे मातरम ग्रुप, ह्यूमन सोशल फाउंडेशन, मेट्रोसिटी चौरिटेबल ट्रस्ट, ओमेक्स सोसाइटी, उपेंद्र चौधरी ब्लड हेल्पलाइन, गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा गोल मार्केट, गुरुद्वारा श्री नानक पुरी टांडा, उम्मीद फाउंडेशन, शहीद उध म सिंह रक्त सेवा ट्रस्ट, पंजाबी महासभा, इस्कॉन टेंपल, भगत सिंह हेल्पिंग हैंड्स, जिंदगी जिंदाबाद, गौ रक्षा दल, अपनी एजुकेशन सोसायटी, स्माइल फाउंडेशन, एकता नारायण हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर, ब्लड बैंक, मेडिसिटी ब्लड बैंक, जवाहरलाल नेहरू गवर्नमेंट ब्लड बैंक, रुद्रपुर चौरिटेबल ब्लड सेंटर, अमित, अंकित मेहरा, करमजीत सिंह चानना, डॉ. मनमोहन सिंह, ममता नारायण, गगन गोरबंद रेड क्रॉस पंतनगर, बार एसोसिएशन, रुद्रपुर डिस्ट्रिक्ट कोर्ट रुद्रपुर, श्याम मित्र मंडल गदरपुर भी सहयोग मिला है। इस मौके पर सीएमओ डा. मनोज शर्मा, भारत भूषण चुघ, डा. मदनलाल बठला, सुदेश बठला, डा. नितिक बठला, प्रीतम सिंह चावला, पुष्कर राज जैन, डा. मनजीत सिंह, सुरमुख सिंह विर्क, मनजीत सिंह मक्कड़, नवनीत शर्मा, जगजीत सिंह गोल्डी, अवतार सिंह संधू, दिलजीत सिंह, कर्मजीत सिंह, डा. अनू पाठक, डा. मनप्रीत बठला, डा. राहुल किशोर, डा. मृदुला किशोर, डा. वीके आर्य, अशोक गाबा, नवीन चन्द्र पाण्डेय, डा. पवन प्रीत कौर, रिटा. मेजर जयदीप सिंह, हरनामसिंह चौधरी सीए, डा. रणजीत सिंह गिल, डा. जसविन्दर सिंह गिल, मोहित कक्कड़, मयंक कक्कड़, अमित,अंकित मेहरा, दिया, करमजीत सिंह चानना, डॉ मनमोहन सिंह, ममता नारायण, गगन, ललित जोशी ,चेतन गंगवार, रमन शर्मा ,मोहित गुड़िया, अर्जुन गंगवार,नमन अहूजा नरेन्द्र अरोरा, सुमित गाबा, आशीष अरोरा, प्रांजल गाबा, मंगत गाबा, राजकुमार तनेजा, चेतन गंगवार, रमन शर्मा, विनीत आर्य, मोहित गुड़िया, अर्जुन गंगवार, प्रेम राजपूत, नमन आहूजा आदि मौजूद थे।

## डीएम ने निर्माणाधीन व प्रस्तावित कार्य क्षेत्रों में किया स्थलीय निरीक्षण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना ने गत दिवस हल्द्वानी शहर के सिंधी चौराहा, मंगलपड़ाव, मण्डी, तीनपानी, ट्रांसपोर्ट नगर, रामपुर रोड, कालाढूंगी रोड, लामाचौड़, लालडाट, चौफुला चौराहा, कुसुमखेड़ा, कॉलटैक्स, ठंडी सड़क, नहर कवरिंग पार्किंग, सड़क निर्माण आदि प्रस्तावित एवं निर्माणाधीन



कार्यों का स्थलीय निरीक्षण संबंधित अधिकारियों के साथ किया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त एवं सिटी मजिस्ट्रेट ने शहर के जलभराव, अतिक्रमण, यातायात व्यवस्था, नहर कवरिंग एवं प्रस्तावित आईएसबीटी प्लाईओवर, रिंग रोड के साथ ही शहर के सौन्दर्यकरण एंव विकास कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। डीएम ने सिंचाई, लोनिवि, जलसंस्थान, विद्युत एवं नगर निगम के अधिकारियों को शहर के सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों, जलभराव, अतिक्रमण तथा यातायात व्यवस्था के समाधान हेतु लघु एवं दीर्घकालीन के कार्यों के संबंध में रूप रेखा तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर आयुक्त को निर्देश दिये है कि जिन स्थानों का निरीक्षण किया गया है उन स्थानों की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी उपलब्ध कराना भी सुनिश्चित करें ताकि जो कार्य विभिन्न विभागों द्वारा छोटे-छोटे रूके हुए कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जा सके। जिलाधिकारी वंदना ने सिंधी चौराहा के समीप पार्किंग निर्माण एवं अतिक्रमण तथा चौड़ीकरण के निर्देश नगर आयुक्त एवं लोनिवि को दिये। इसके अलावा मण्डी चौराहा के चौड़ीकरण, प्लाईओवर, भवनों की शिफ्टिंग एवं अन्य कार्यों के लिए लोनिवि को मण्डी समिति के साथ समन्वय बनाते हुए प्लान बनाने, अधिशासी अभिन्यता विद्युत को 20 जून तक पोल शिफ्टिंग करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शहर में ओवर ब्रिज की आवश्यकता वाले स्थान चिन्हित करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि शहर में जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो इसके लिए अधिकारी प्लान के तहत जल निकासी की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। उन्होंने लोनिवि को शहर में ओवर ब्रिज की आवश्यकता वाले स्थानों को चिन्हित करते हुए सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। सुशीला तिवारी हॉस्पिटल के दोनों ओर सड़क चौड़ीकरण केनिरीक्षण के दौरान सुशीला तिवारी के दोनों ओर वनभूमि के संबंध में नगर आयुक्त एवं लोनिवि को वन विभाग के अधिकारियों से वार्ता करने के निर्देश दिए ताकि सड़क मार्ग को आवश्यकता अनुसार चौड़ीकरण का कार्य किया जा सके।निरीक्षण के दौरान डीएम ने स्टैट बैंक से नहर कवरिंग के कार्यों में अधिशासी अभिन्यता सिंचाई को जून माह तक कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिये साथ ही लोनिवि को तत्काल टेन्डर प्रक्रिया शुरू करते हुए कार्यों करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कार्यों के दौरान जल निकासी व्यवस्थित हो इस पर विशेष ध्यान रखना सुनिश्चित करें।निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पंकज भट्ट, नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय, सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह, अधिशासी अभियता लोनिवि अशोक कुमार चौधरी, अधिशासी अभिन्यता सिंचाई केएस बिष्ट, जलसंस्थान के अलावा सम्बन्धित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## व्यापारियों ने मेधावी छात्राओं को किया सम्मानित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिला नैनीताल इकाई द्वारा यूपीएससी परीक्षा में उत्तराखंड का नाम रोशन करने वाली मेधावी छात्राओं को उनके निवास पर जाकर सम्मानित किया गया । सर्वप्रथम 58



वीं रैंक प्राप्त करने वाली कु.दक्षिता जोशी को सम्मानित किया, उसके उपरांत 444 वीं रैंक प्राप्त मीनाक्षी आर्या के निवास पर जाकर सम्मानित किया। संगठन के प्रदेशाध्यक्ष नवीन वर्मा ने दोनों छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए कहा कि इन्होंने उत्तराखंड के साथ हल्द्वानी का नाम रोशन किया है उससे पूरे व्यापारी समाज में खुशी का माहौल है। संगठन के जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता और महिला जिलाध्यक्ष कुसुम दिगारी ने शॉल ओढ़ाकर दोनों छात्राओं को सम्मानित किया। संगठन के जिला महामंत्री हर्ष वर्द्धन पांडे एवं उर्वशी बोरा ने संगठन की ओर से सम्मानपत्र देकर सम्मानित किया। संगठन की ओर से प्रदेश मंत्री शांति जीना, विनीता शर्मा, ज्योति मेहता, कौशलेंद्र भट्ट, नीरज गुप्ता सहित व्यापारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे। दक्षिता के पिताजी इंदु कुमार जोशी और मीनाक्षी के पिताजी दिवान राम द्वारा व्यापार मंडल के पदाधिकारियों का आभार किया गया।

## अमेनिटी फुटबाल टीम ने लंदन में लहराया जीत का परचम

### यूथ आर्सनल कप जीतकर बढ़ाया राज्य का गौरव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लंदन के अमीरात स्टेडियम में यूथ आर्सनल कप के खेले गए फाइनल मैच में अमेनिटी की टीम ने पीआरएस काकचिंग की टीम को 7-2 से हराकर चौम्पियनशिप अपने नाम कर ली। मैच के आरम्भ में अमेनिटी के कप्तान निखिल चंद ने शुरूआती 2 गोल दाग कर अपने टीम को बढ़त दिला दी। लेकिन पीआरएस काकचिंग की टीम ने वापसी करते हुए 2 गोल दाग कर बराबरी पर आ गए। अगले 2 मिनट ने निखिल ने मध्यांतर से पहले 2 गोल दाग कर टीम को स्कोर 4-2 कर दिया। मध्यांतर के बाद कामरूल ने ए के बाद एक लगातार 3 गोल दाग कर स्कोर 7-2 कर दिया। मैच समाप्ति पर टीम ने 7-2 से मैच जीत कर इतिहास रच दिया। उत्तराखण्ड की पहली टीम है जिसने विदेशी जमीन पर पहला टूर्नामेंट जीता है। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि बाइचुंग भूरिया ने ट्राफी तथा मैडल प्रदान किया मैच के बाद बाईचिंग भूटिया जो कि भारत के स्टार खिलाड़ी रह चुके अमेनिटी टीम की बहुत प्रशंशा की तथा आर्सनल क्लब के कोच ने भी अमेनिटी स्कूल की टीम की सराहना की । इस टूर्नामेंट से एक दिन पहले अमेनिटी की टीम ने मैत्री मैच में आर्सनल क्लब लंदन




की यूथ टीम को 2-0 से भी हराया था। अमीरात स्टेडियम में हर खिलाड़ी को खेलने का सपना पूरा हुआ। स्कूल के प्रबंधक सुभाष अरोरा ने बताया कि टीम की तैयारी बहुत दिनों से चल रही थी टीम का यहाँ खेलने का अनुभव उनकी खेल प्रतिभा को और निखारने में मदद करेगा। उन्होंने टीम की जीत का श्रेय खिलाड़ियों एवं कोच अमित वर्मा की कड़ी मेहनत का परिणाम बताया तथा टीम के उज्जवल भविष्य की कामना की। श्री अरोरा ने बताया कि अभी हाल में भारतीय फुटबाल अन्डर-17 की टीम में शाश्वत पवार का चयन हुआ है जो एशिया कप में प्रतिभाग करेगा। यह अमेनिटी स्कूल के लिए बड़ी सौभाग्य की बात है। उन्होंने बताया कि टीम कल 5 जून को रूद्रपुर वापस लौटेगी, लौटने पर टीम का स्वागत किया जायेगा।

## भाजपा नेताओं ने ट्रेन हादसे में मारे गये लोगों को दी श्रद्धांजलि

रुद्रपुर(उद संवाददाजा)। उड़ीसा के बालासोर में हुए भीषण ट्रेन दुर्घटना में दिवंगत हुए लोगो को लेकर जहां पूरा देश मे हर व्यक्ति को दुख पहुँचा है। वही भारतीय जनता पार्टी ने भी देशभर में अपने सभी कार्यक्रम रद्द कर दिये और जिला मुख्यालय पर शोकसभा का आयोजन करने का निर्णय लिया। तीन दिन के अपने उत्तराखंड दौरे पर आये राष्ट्रीय महामंत्री एव उत्तराखंड प्रभारी रुद्रपुर पहुँचे वहीं श्रद्धांजलि कार्यक्रम गंगापुर रोड स्थित नन्द बिहार में हुआ। जहां साथ ट्रेन हादसे में दिवंगत हुए लोगों की आत्मा की शांति के लिये मोन रखकर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। प्रभारी श्री गौतम ने कहा निश्चित रूप से इस ट्रेन दुर्घटना से मन आहत हुआ है और दिवंगत लोगों व घायलों के साथ केंद्र की मोदी सरकार खड़ी है और घायलों का उचित इलाज सरकार द्वारा करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा यह एक बड़ा हादसा है ऐसी घटनाएं नही होनी चाहिए। हमारी सरकार घटना के कारण जानने के लिये उच्च स्तर पर जांच कर



रही है। इस दौरान जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, विधायक शिव अरोरा, राम सिंह कैड़ा, प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, अनुसूचित जाति आयोग अध्यक्ष मुकेश कुमार, मेयर रामपाल सिंह, मंडी चेयरमैन के के दास, जिला महामंत्री अमित नारंग, रामप्रकाश गुप्ता, हिमांशु शुक्ला, धीरेंद्र मिश्रा, सुरेश कोली,मोहन तिवारी, विनय बत्रा, धर्म सिंह कोली, सुशील यादव, मयंक कक्कड़, वेद ठुकराल, उत्तम दत्ता, यशपाल घई, ललित बिष्ट, सुनील ठुकराल, राजन राठौर, शेलेन्द्र रावत, रजनी रावत, रामकिशन कोली, शाह खान, बिट्टू चौहान, आदेश भरद्वाज, सुदीप डे, भावेश भट्ट, परमजीत सिंह, देव मेनन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## पढ़ाई छोड़ने की प्रवृत्ति

सरकार से लेकर शिक्षा पर काम करने वाले संगठनों की अध्ययन-रपटों में अनेक बार इस चिंता को रेखांकित किया गया है, लेकिन अब तक इसका कोई सार्थक हल सामने नहीं आ सका है।किसी भी देश की शिक्षा व्यवस्था की कामयाबी इसमें है कि शुरुआती से लेकर उच्च स्तर तक की शिक्षा हासिल करने के मामले में एक निरंतरता हो। अगर किसी वजह से आगे की पढ़ाई करने में किसी विद्यार्थी के सामने अड़चनें आ रही हों तो उसे दूर करने के उपाय किए जाएं। लेकिन बीते कई दशकों से यह सवाल लगातार बना हुआ है कि एक बड़ी तादाद में विद्यार्थी स्कूल-कालेजों में बीच में ही पढ़ाई छोड़ देते हैं और उनकी आगे की पढ़ाई को पूरा कराने के लिए सरकार की ओर से ठोस उपाय नहीं किए जाते।इस मसले पर सरकार से लेकर शिक्षा पर काम करने वाले संगठनों की अध्ययन-रपटों में अनेक बार इस चिंता को रेखांकित किया गया है, लेकिन अब तक इसका कोई सार्थक हल सामने नहीं आ सका है। अब एक बार फिर केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से सन 2022 की बोर्ड परीक्षाओं के विश्लेषण में बताया गया है कि दसवीं और बारहवीं के स्तर पर देश में लाखों बच्चे पढ़ाई छोड़ देते हैं। विश्लेषण के मुताबिक, पिछले साल पैंतीस लाख विद्यार्थी दसवीं के बाद ग्यारहवीं कक्षा में पढ़ने नहीं गए। इनमें से साढ़े सत्ताईस लाख सफल नहीं हुए और साढ़े सात लाख विद्यार्थियों ने परीक्षा नहीं दी। संभव है कि बीच में पढ़ाई छोड़ने के संदर्भ में किसी की प्रत्यक्ष की भूमिका नहीं दिखाई दे, लेकिन आखिर यह व्यवस्थागत कमियों से ही जुड़ा हुआ सवाल है, जिसमें स्कूली शिक्षा के स्वरूप से लेकर सामाजिक-आर्थिक कारक अपनी भूमिका निभाते हैं। शिक्षा मंत्रालय के विश्लेषण में आंकड़ों के मुताबिक जो पैंतीस लाख विद्यार्थी दसवीं के बाद ग्यारहवीं कक्षा में पढ़ने नहीं गए, उनमें पचासी फीसद ग्यारह राज्यों से थे।इसी तरह, पिछले साल बारहवीं के बाद 23.4 लाख विद्यार्थियों ने बीच में पढ़ाई छोड़ दी। इनमें से सतहत्तर फीसद ग्यारह राज्यों से थे। यानी करीब अट्ठावन लाख विद्यार्थी दसवीं और बारहवीं में पढ़ाई छोड़ देते हैं तो यह किसी भी सरकार के लिए बेहद चिंता की बात होनी चाहिए और यह समग्र शिक्षा व्यवस्था से लेकर सरकारी कल्याण कार्यक्रमों के जमीनी स्तर पर अमल पर सवालिया निशान है। गौरतलब है कि सरकार की ओर से आए दिन देश की शिक्षा व्यवस्था में व्यापक बदलाव करने और उसे समावेशी बनाने को लेकर दावे किए जाते हैं, घोषणाएं की जाती हैं। लेकिन वे शायद ही कभी वास्तव में जमीन पर उतरती दिखती हैं।नीतिगत स्तर पर शिक्षा को उच्च प्राथमिकता मिलती दिखती है, मगर इसके बरक्स स्कूली शिक्षा में बीच में पढ़ाई छोड़ने की प्रवृत्ति नीतिगत स्तर पर नाकामी या फिर उदासीनता का ही सूचक है। यह समझना मुश्किल है कि इतने लंबे वक्त से यह चिंता कायम है और इस मसले पर किसी हल तक पहुंचना मुश्किल है! यह जगजाहिर तथ्य है कि एक ओर स्कूल-कालेज में शिक्षा पद्धति में तय मानक बहुत सारे विद्यार्थियों के लिए सहजता से ग्राह्य नहीं होते, वहीं पढ़ाई में निरंतरता नहीं रहने के पीछे सामाजिक और आर्थिक कारक भी एक बड़ी भूमिका निभाते हैं। एक गरीब परिवार का विद्यार्थी मेधावी होने के बावजूद कई बार अपने परिवार की आर्थिक स्थिति, जरूरत और पृष्ठभूमि की वजह से उसे मजबूरन स्कूल छोड़ना पड़ जाता है। जाहिर है, स्कूल-कालेज की पढ़ाई बीच में छोड़ने का मसला शैक्षिक संस्थानों तक पहुंच, पठन-पाठन के स्वरूप से लेकर गरीबी और अन्य कई कारकों से जुड़ा हुआ है और इसके समाधान के लिए सभी बिंदुओं को एक सूत्र में रख कर ही देखने की जरूरत होगी।

# नेत्र शिविर में सैकड़ों लोगों ने कराई जांच

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। रुद्रपुर के प्रभु नेत्रालय द्वारा यहां बनभूलपुरा में जमीयत उलेमा ए हिंद के सौजन्य से आंखों का नि:शुल्क कैंप लगाया गया। जिसमें लगभग 800 मरीजों की आंखों की जांच की गई। शिविर में आए लोगों को नि:शुल्क दवाइयां दी गई। प्रभु नेत्रालय के प्रबंधक नफीस अहमद ने बताया कि शिविर में चयनित 200 मरीजों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड के द्वारा नि:शुल्क किए जाएंगे। साथ ही उन्हें हल्द्वानी से बस के द्वारा नि:शुल्क लाया तथा बस के द्वारा



उनके घर तक छोड़ा जाएगा। यह जानकर मरीजों में खुशी की लहर दौड़ गई। इतनी सेवा भाव से प्रभु नेत्रालय रुद्रपुर मरीजों का इलाज कर रहा है ऐसा सुनने को मिला। शिविर में प्रभु नेत्रालय के डॉक्टर अंकित गुप्ता, एमडी सरदार मनीष पाल सिंह, मैनेजर नफीस अहमद, डॉक्टर दानिश, डॉक्टर फरीन, ऑप्टोमेट्रिस्ट सना इलिया, अब्दुल रहमान उपस्थित रहे। शिविर को सफलता पूर्वक संपन्न कराने में जमीयत उलेमा ए हिंद की पूरी टीम उपस्थित रही। लोगों ने कहा कि अगर ऐसे ही समाज में लोग सेवा भाव से कार्य करें तो लोगों की काफी हद तक समस्या दूर हो सकती है।

# रियल स्टेट कारोबारी ने युवती के साथ किया दुष्कर्म

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। रियल स्टेट कारोबारी द्वारा महिला कर्मी के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता ने आरोपी से खुद को जान का खतरा बताया है। मामले में एसएसपी के आदेश के बाद कालाढुंगी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मथुरा की रहने वाली युवती ने एसएसपी पंकज भट्ट को सौंपी गई तहरीर में कहा वह नोएडा की एक कंपनी में काम करती है, यह कंपनी रामनगर और कालाढूंगी के आसपास रियर स्टेट का कारोबार करती है। तहरीर के मुताबिक इंवेस्टर क्लीनिक नाम के ब्रोकर के प्रतिनिधि सुनील गुजराल ने पीड़िता को प्रोजेक्ट के सिलसिले कुलदीप कत्याल से मिलाया। जिसके बाद कुलदीप को पीड़िता का प्रोजेक्ट पसंद आया और उसने इनवेस्ट करने की बात कही। दोनों के बीच दोस्ती हो गई। एक दिन कुलदीप ने प्रोजेक्ट में निवेश करने की बात की और उसे गेस्ट हाउस में बुलाया, लेकिन पीड़िता ने मना कर दिया। कुलदीप उसे लेने नोएडा एक्सटेंशन पहुंच गया। उसने प्रोजेक्ट खरीदने का हवाला दिया और पीड़िता को सेक्टर 137 स्थित फ्लैट में ले गया। निवेश की बात कर कुलदीप ने सेलिब्रेशन का ऑफर दिया और जबरन ड्रिंक पिलाई। नशे में उसने जबरन शारीरिक संबंध बना लिये। जिसके बाद महिला ने उसे पुलिस से कहने की बात कहीं तो कुलदीप ने माफी मांगी और शादी का आश्वासन दिया। कुछ माह बाद कुलदीप ने एक लड़की से मिलाया और ट्रेनिंग देने के लिए कहा। फिर वह उस लड़की के करीब होने लगा। कुलदीप के बारे में पूछताछ की तो पता चला कि कुलदीप पहले से शादीशुदा और उसके तीन बच्चे हैं। शिकायत करने पर कुलदीप ने पीड़िता के अश्लील फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी दी। उसने पीड़िता को फ्लैट में नजरबंद कर दिया और दुष्कर्म करता रहा। पीड़िता ने आत्महत्या की कोशिश भी की। बाद में वह कुलदीप के चंगुल से अपने घर मथुरा पहुंच गयी।

# कबीर जयन्ती पर विशेष: कबीर दास जी एक सच्चे सन्त व समाज सुधारक

भगत कबीर जी शिरोमणी भगत हुए हैं। उत्तरी भारत को भक्ति के रंग में रंगने वाली इस पवित्र रूह का जन्म 1398 ई. में बनारस में हुआ। आप जी के



जन्म सम्बन्धी कोई स्पष्ट संकेत नहीं मिलता पर आप की परवरिश नीरू नाम के एक श्रमिक मुसलमान जुलाहा व उसकी पत्नी नीमा द्वारा हुई। कबीर जी ने गृहस्थ जीवन व्यतीत किया और आप के घर संतान भी पैदा हुई। कबीर दास जी एक सच्चे सन्त व समाज सुधारक थे वह झूठ कर्म कांड व पाखंड के विरोधी थे अपना काम ईमान दारी से करना व समाज व गरीब लोगों की सेवा करना ही उनका सच्चा धर्म था भगत कबीर जी के जन्म के समय सम्पूर्ण हिन्दुस्तान की धार्मिक व समाजिक व्यवस्था दो श्रेणियों में बंटी हुई थी जिसमें पहली श्रेणी शोषणकारियों की थी और दूसरी श्रेणी शोषितों की। भगत कबीर दूसरी श्रेणी से सम्बन्धित थे। लेकिन उन्हें यह शोषण मंजूर नहीं था। फलस्वरूप भगत कबीर जी की आवाज एक मनुष्य की आवाज न हो कर समूह की आवाज हो गई और यह आवाज लोक लहर का रूप धारण कर दंभियों व पारवण्डियों को नंगा कर लोक मानसिकता में एक नयी रूह का आगाज करते हुए 1518 ई में इस संसार से कूच कर गई। ऐसे में हमारा कर्तव्य है। कि हम उनके द्वारा बताये गए मार्ग पर चलें एवं समाजिक कुरीतियों से दूर रहें व समाज में धर्म के ठेकेदारों से दूर रहे व पाखंडों व आडम्बरों से बचे तभी हमारा जीवन सफल हो सकता है। ऐसे महान सन्त व सच्चे समाज सुधारक को मेरा शत-शत् नमन है।

**प्रस्तुति-नरेश कुमार सेठ,रूद्रपुर**

# समाज सुधारक थे संत कबीर दास: चुघ

रूद्रपुर (उद संवाददाता) । संत कबीर दास ने अपने दोहों के माध्यम से समाज के लोगों को जागरूक करने का जो कार्य सैकड़ों वर्ष पूर्व किया था आज भी उनके दोहों की महत्ता बनी हुई है। यह बात वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाज सेवी भारत भूषण चुघ ने आज संत कबीर दास जी की जयंती पर संत कबीर आश्रम में स्थित संत कबीर दास की प्रतिमा के समक्ष नमन कर उपस्थित लोगों



को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि समाज में व्याप्त बुराइयों तथा कुरीतियों को समाप्त करने के लिए सभी को विशेषकर युवाओं को संत कबीर दास जी के आदर्शों पर चलने की आवश्यकता है। उनके साथ में युवा कोली समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष खेमचंद कोली, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अल्प संख्यक मोर्चा राज कोली, चंद्रपाल कोली, नत्थू लाल कोली, चंद्रपाल भगत, किशन पाल गंगवार, वेद प्रकाश मौर्य, आशु कोली, महेश कोली आदि मौजूद थे।

# चम्पावत वासियों को मिली विभिन्न विकास योजनाओं की सौगात

## प्रदेश में कृषि, कृषि उत्पादों,नवाचारों, उद्यमों को बढ़वा दिया जा रहा : धामी

चम्पावत(उद संवाददाता)। विधायक के तौर पर एक साल का कार्यकाल पूरा होने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चम्पावत वासियों को 50.54 करोड़ की 42 विकास योजनाओं की सौगात दी। इस दौरान जनता से संवाद करते हुए सीएम धामी ने कहा कि चम्पावत व प्रदेश के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। आदर्श चम्पावत की राह आदर्श उत्तराखंड की तरफ जाएगी। मुख्यमंत्री ने चम्पावत के विकास के लिए 14 घोषणाएं की। इससे पहले जनपद भ्रमण पर पहुँचे प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी का हैलीपैड चंपावत में जिलाधिकारी चंपावत नरेंद्र सिंह भण्डारी द्वारा पुष्प गुच्छ भेट कर स्वागत किया। इसके पश्चात श्री धामी ने सर्वप्रथम न्याय के देवता श्री गोल्ज्यू महाराज के दर्शन कर जनपद व पूरे प्रदेश की सुख शांति व समृधि की कामना की। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने जनपद विकास हेतु कुल 42 योजनाओं लागत 50 करोड़ 54 लाख 50 हजार (5054.50) की विकास योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। जनपद चम्पावत विधानसभा हेतु कुल 3 विकास योजनाओं लागत 9 करोड़ 82 लाख 89 हजार का लोकार्पण व कुल 28 विकास योजनाओं लागत 23 करोड़ 45 लाख 29 हजार (2345.29) का शिलान्यास किया। इसके साथ ही लोहाघाट विधानसभा हेतु 01 विकास योजना (लागत 45 लाख) का लोकार्पण व 10 विकास योजनाओं (लागत 1681.32) का शिलान्यास किया। जिसमे उन्होंने राज्य योजना के अंतर्गत जनपद चंपावत के विधानसभा क्षेत्र चंपावत के अंतर्गत भगीना भंडारी से तोली मोटर मार्ग का पुन: निर्माण एवं सुधारीकरण (लागत 198.29), सिप्टी-सीमाड़ मोटर मार्ग का पुन:



निर्माण एवं सुधारीकरण कार्य (लागत 302.75), जिला चिकित्सालय चंपावत के आवासीय भवनों के निर्माण कार्य (लागत 481.85) का लोकार्पण सहित अन्य विकास कार्यों का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं से सम्बंधित विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण कर सभी स्टालों पर उपस्थित उद्यमियों, अग्रणी व प्रगतिशील किसानों, स्वयं सहायता समूह आदि का उत्साहवर्धन करते सराहना की। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश में कृषि, कृषि उत्पादों,नवाचारों, उद्यमों को बढ़वा दिया जा रहा है। विभिन्न योजनाएं संचालित कर सीधा लाभ लाभार्थियों तक पहुंच रहा है। सीएम ने जनपद की सम्मानित जनता से मिलकर जनता का अभिनन्दन स्वीकार किया। विधानसभा चम्पावत के विधायक के रूप में मुख्यमंत्री जी का उपलब्धि से भरा 1 वर्ष पूर्ण होने पर मन्त्रों उच्चारण के बीच दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। श्री धामी द्वारा सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, देहरादून द्वारा प्रकाशित विकास पुस्तिका व आदर्श चम्पावत की ओर बढ़ते कदम कलेंडर तथा जनपद चम्पावत की विकास पुस्तिका का विमोचन किया। इस अवसर पर सभी सम्मानित जनपदवासियों को धन्यवाद कर आभार जताया और कहा कि आज ही के दिन मुझे गोल्ज्यू महाराज की कृपा के साथ आप सभी के आशीर्वाद से पुरे प्रदेश की सेवा करने का गौरव प्राप्त हुआ। हमारा उद्देश्य विकल्प रहित संकल्प का हैं। जिससे हम प्रदेश को देश का सर्वश्रेष्ठ प्रदेश की बनाने की ओर अग्रसर है। अपना यह प्रेम, लगाव और शुभ आशीर्वाद मुझ पर बनाये रखना। श्रेष्ठ जनपद, श्रेष्ठ राज्य की परिकल्पना के अन्तर्गत जनपद चम्पावत को आदर्श चम्पावत बनाया जा रहा है। सीएम ने उत्तराखंड भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड चम्पावत के कैम्प कार्यालय का रिबन काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष निर्मल माहरा,प्रदेश मंत्री हेमा जोशी, जिला सह प्रभारी गणेश भंडारी, अध्यक्ष जिला पंचायत ज्योति राय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत, जिला महामंत्री मुकेश कलखुड़िया, पूरन मेहरा, पूर्व विधायक पूरन फर्त्याल, पालिकाध्यक्ष चम्पावत विजय वर्मा, लोहाघाट गोविंद वर्मा, टनकपुर विपिन कुमार वर्मा, बनबसा नगर पंचायत अध्यक्ष रेनू अग्रवाल, दीप चंद्र पाठक, सुभाष बगौली, शंकर पांडेय, सतीष पांडेय,ब्लाक प्रमुख चम्पावत रेखा देवी, पाटी सुमनलता, लोहाघाट नेहा ढेक, बाराकोट विनीता फर्त्याल, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी, दीपक रजवार,गोविंद सामंत, भाजयुमो जिलाध्यक्ष गौरव पांडे, जिला उपाध्यक्ष कैलाश अधिकारी, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री शिवराज सिंह कठायत, श्याम पांडे, हयात सिंह माहरा, गौरव लडवाल, सुनील पुनेठा सहित प्रशासन से जिलाधिकारी नरेन्द्र सिंह भंडारी, एसपी देवेंद्र पींचा, एडीएम हेमंत कुमार वर्मा, सीडीओ आरएस रावत, नोडल अधिकारी मुख्यमंत्री केदार बृजवाल आदि मौजूद रहे।

## सीएम ने विकास कार्यों के लिए की 14 घोषणायें

चंपावत। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री धामी द्वारा जनपद के विकास के लिए विभिन्न कुल 14 घोषणायें भी की गई। जिसमें सड़क सुरक्षा मद के अन्तर्गत निर्माण खण्ड लो०नि०वि० लोहाघाट के महत्वपूर्ण मोटर मार्गों (राज्य मार्ग संख्या-10, राज्य मार्ग संख्या-57, मुख्य जिला मार्ग एवं अन्य जिला मार्ग) में सड़क सुरक्षा के कार्य किए जाने की घोषणा।जनपद चम्पावत के विकास खण्ड पाटी के छिनकाछीना-रौलमेल मोटर मार्ग लम्बाई 8 कि० के पुर्ननिर्माण एवं सुधारीकरण का कार्य। उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद द्वारा गठित रीठा साहिब क्षेत्र का मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा। जवाहर नवोदय विद्यालय, लटौली, चम्पावत में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन हेतु मल्टी परपस हॉल (बहुउदेशीय सभागार) का निर्माण। जवाहर नवोदय विद्यालय, लटौली, चम्पावत में छात्र / छात्राओं के व्यायाम हेतु जिम कक्ष का निर्माण। जवाहर नवोदय विद्यालय लटौली, चम्पावत में छात्र/छात्राओं हेतु क्रीड़ा मैदान का विस्तारीकरण किए जाने। सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोडा परिसर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चम्पावत को मॉडल कालेज के रुप में विकसित किया जायेगा। लोहाघाट की कोलीढेक झील में रिंग रोड पुल सौन्दर्यीकरण का कार्य कराया जायगा। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के गॉव ग्रामसभा आमखर्क में सूखीढांग मुख्य मार्ग से गाँव तक मार्ग निर्माण 1.5 कि0मी0 जायेगा। चंपावत नैनीताल जिले को जोड़ने वाला कांडा रमक सड़क सड़क का डामरीकरण का कार्य किया जाएगा। पाटी विकास खण्ड में धुनाघाट बसौन मोटर मार्ग के प्रथम चरण का नव निर्माण का कार्य किया जाएगा। रोडवेज स्टेशन चम्पावत में आधुनिक सुसज्जित मल्टी स्टोरी पार्किंग व सॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया जायेगा।नगर क्षेत्र चंपावत में सीवर लाइन का काम कराया जाएगा। तहसील चंपावत में ग्रामीण क्षेत्रों में 10 किमी रोड बनायी जायेगी।

# तकनीकी विकास टालेंगे 'रेल हादसे'

वर्तमान 21वीं सदी में अब तक का यह शायद सबसे बड़ा रेल हादसा हैं। इस भीषण दुर्घटना में बचाव दल मौत के मातम के बीच जिंदगी की तलाश में दिन-रात जुटे रहे। ओडिशा के बालासोर में दो सवारी गाड़ियों और एक मालगाड़ी की टक्कर में 290 लोगों की मौत हो चुकी हैं, 1100 से ज्यादा यात्री घायल हैं, 800 से ज्यादा घयलों का प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दी गई है। आंकड़े बताते हैं कि यह हादसा आजादी के बाद हुई सबसे भीषण रेल दुर्घटनाओं में से एक है। इस हादसे में बैंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस, शालीमार-चौन्नई सेंट्रल, कोरोमंडल एक्सप्रेस और एक मालगाड़ी शामिल हैं। हादसा इतना जबरदस्त था कि रेल का एक डिब्बा जमीन में घंस गया था, जिसे क्रेनों और बुल्डोजरों की मदद से ऊपर लाया गया। यह डिब्बा, दूसरी रेल के डिब्बों के ऊपर गिरने से धरती में घंस गया था। हादसे के भीषण होने का पता इस बात से चलता है कि 2000 से ज्यादा बचावकर्मी, एनडीआरएफ के 9 दल, 200 एंबुलेंस, 500 चलित स्वास्थ्य केंद्र और दो एमआई हेलिकॉप्टर घयलों को निकालने में लगे रहे। यदि हादसा स्थल के आसपास स्वदेशी प्रणाली से विकसित 'संरक्षा कवच' का प्रबंध होता तो यह हादसा टल सकता था ?एक तरफ भारत ने मोदी युग में रेल में इतना विकास कर लिया है कि वंदे-भारत एक्सप्रेस रेल यूरोपीय, अमेरिकी और एशियाई देशों में निर्यात होने लग जाएगी। लेकिन रेल सुरक्षा से जुड़े तकनीकि विकास में हम अभी भी पिछड़े हुए हैं। हमने रेल की गति तो बहुत बढ़ा दी, लेकिन भारत में ही विकसित जो स्वदेशी स्वचालित सुरक्षा प्रणाली 'कवच' है, उसे अभी पूरे देश में नहीं पहुंचा पाए हैं। फिलहाल रेलवे नेटवर्क में केवल 1455 किमी रेल लाइनों पर ही यह सुविधा काम कर रही है। स्वयं रेलवे के अधिकारियों ने जानकारी दी है कि रेलगाड़ियों के परस्पर टकराने से रोकने वाली यह कवच सुविधा इस मार्ग पर उपलब्ध नहीं थी। हालांकि एनएफआईआर के महासचिव एम राघवैया ने कहा है कि यह हादसा चंद पलों में हुआ है। इसलिए यह कहना मुश्किल है कि कवच सुविधा होने की स्थिति में भी हादसे को रोका जा सकता था अथवा नहीं ? इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि रेलवे में सुरक्षा वर्ग से जुड़े करीब 40 हजार पद रिक्त पड़े हुए हैं। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि यह हादसा किन कारणों से हुआ ? परंतु आशंका जताई जा रही है कि इसका संभावित कारण संकेतक में गड़बड़ी होना है। दूसरी तरफ रेल राज्य मंत्री राव साहिब पाटिल का कहना है कि यह हादसा मानवीय गलती से हुआ या तकनीकि कारण से, इसके लिए उच्च स्तरीय जांच समिति गठित की जाएगी। 'कवच' स्वदेशी रूप से विकसित स्वचालित रेल सुरक्षा तकनीकी सुविधा हैं। इसे भारतीय रेलवे द्वारा दुनिया की सबसे सस्ती स्वचालित रेल दुर्घटना सुरक्षा प्रणाली के रूप में देखा जा रहा है। मार्च 2022 में इस कवच प्रौद्योगिकी का सफल परीक्षण किया गया था। इस दौरान एक ही पटरी पर विपरीत दिशा में दौड़ रहीं रेलें यदि मानवीय या तकनीकी भूल के चलते आमने-सामने आ जाती हैं तो 'कवच' सुविधा के चलते ऐसे संकेत चालकों को मिलने लगते हैं कि कोई खतरा सामने हैं। खतरे के ये संकेत 400 से 500 मीटर की दूरी से मिलना शुरू हो जाते हैं। नतीजतन चालक रेल को रोक लेता है। वर्तमान में दिल्ली-मुंबई और दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर इस कवच को स्थापित करने का काम चल रहा है। इसका मकसद रेलों को परस्पर टक्कर से बचाने का काम करना है। इसमें यह भी सुविधा है कि यदि चालक गति प्रतिबंधों के अनुसार रेल को नियंत्रित करने में असफल रहता है तो यह स्वचालित रूप में सक्रिय होकर रेल के बेक्रिंग सिस्टम को चालू कर देता है। ज्यादातर रेल हादसे ठीक से इंटरलॉकिंग नहीं किए जाने और मानवरहित रेलवे पार-पर्थ पर होते रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के केंद्रीय सत्ता पर आसीन होने के बाद ये दावे बहुत किए गए हैं कि डिजीटल इंडिया और स्टार्टअप के चलते रेलवे के हादसों में कमी आएगी। इसरो ने अंतरिक्ष में उपग्रह छोड़ते समय ऐसे बहुत दावे किए हैं कि रेलवे को ऐसी सतर्कता प्रणाली से जोड़ दिया गया है, जिससे मानव रहित फाटक से रेल के गुजरते समय या ठीक से इंटरलॉकिंग नहीं होने के संकेत मिल जाएंगे। नतीजतन रेल चालक और फाटक पार करने वाले यात्री सतर्क हो जाएंगे। लेकिन इसी प्रकृति के एक के बाद एक रेल हादसों के सामने आने से यह साफ हो गया है कि आधुनिक कही जाने वाली डिजीटल तकनीक से दुर्घटना के क्षेत्र में रेलवे को कोई खास लाभ नहीं हुआ है। बावजूद रेलवे के आला अफसर दावा कर रहे थे कि पिछले तीन साल में छोटे-मोटे हादसों को छोड़ दिया जाए तो कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ, जो अब हो बालासोर में हो गया है। भारतीय रेल विश्व का सबसे बड़ा व्यावसायिक प्रतिष्ठान है, लेकिन इस ढांचे को फिलहाल विश्वस्तरीय नहीं माना जाता। गोया इसकी सरंचना को विश्वस्तरीय बनाने की दृष्टि से कोशिशें तेज होने के साथ अंजाम तक भी पहुंच रही हैं। इसी का परिणाम है कि वंदे भारत रेल इसी साल जून के अंत तक देश के सभी राज्यों में दौड़ने लगेगी। इससे 225 नगर और महानगर जुड़ जाएंगे। वर्तमान में चार दिन में एक वंदे भारत रेल का निर्माण हो रहा है। अगले एक महीने के भीतर हर 15 दिन में लगभग 10 वंदे भारत रेलें निर्मित होने लगेंगी। इसके बाद इस रेल का यूरोपीय, अमेरिकी और एशियाई देशों में निर्यात भी होने लग जाएगा। फिलहाल देश में रेलवे विकास एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) और भारतीय अतंरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की मदद से अनेक तकनीकी सुरक्षा प्रणालियां अस्तित्व में लाई गई हैं। इसरो के साथ शुरू की गई परियोजना के अंतर्गत एक ऐसी सतर्क सेवा शुरू की गई है, जिसके तहत चौकीदार रहित क्रॉसिंग के चार किमी के दायरे में आने वाले सभी वाहन-चालकों और यात्रियों को हूटर के जरिए सतर्क रहने की चेतावनी दी जाने लगी है। इसमें इसरो को उपग्रह की सहायता से रेलों के वास्तविक समय के आधार पर ट्रेक करने के इंतजाम किए गए हैं। इसमें चिप आधारित एक उपकरण रेलों में और एक क्रॉसिंग गेट पर लगाया जाता है। इससे जैसे ही रेल क्रॉसिंग के 4 किमी के दायरे में आती है तो स्वमेव फाटक पर लगा हूटर बनजे लगता है। रेल के 500 मीटर की दूरी तक आते-आते हूटर की आवाज धीरे-धीरे तेज होती जाती है। और रेल के गुजरते ही हूटर बंद हो जाता है। रेलवे ने पांच पायलट परियोजनाओं के तहत पांच मानवरहित पार-पथों और चुनिंदा पांच रेलों में यह उपकरण लगाए भी, लेकिन जब इनकी ट्रायल ली गई तो यह बजे ही नहीं। इसके बाद इस परियोजना को नए अनुसंधान कर, नई तकनीक से जोड़ने के लिए फिलहाल स्थगित कर दिया है। इस परियोजना में इसरो ने अपने सात उपग्रहों वाले रीजनल नेविगेशन सेटेलाइट सिस्टम का उपयोग किया था। किंतु सात उपग्रहों से जुड़े रहने के बावजूद यह सतर्कता प्रणाली नाकाम रही। हालांकि अब देश में ज्यादातर पार पथों पर अंडरब्रिज बना दिए गए हैं। इसलिए इन पथों पर होने वाली दुर्घटनाएं भी कम हो गई है।इसके साथ ही रेलवे ने आरडीएसओ को एसएमएस आधारित सतर्कता प्रणाली (एडवांस वार्निंग सिस्टम) विकसित की गई हैं। इस प्रणाली को रेडियो फ्रीक्वेंसी एंटिना में क्रॉसिंग के आसपास एक किमी के दायरे में सभी रेल चालकों व यात्रियों के मोबाइल पर एसएमएस भेजकर आगे आने वाली क्रॉसिंग और रेल के बारे में सावधान किया जाना है। इसमें जैसे-जैसे वाहन क्रॉसिंग के नजदीक पहुंचता, उसके पहले कई एसएमएस और फिर ब्लिंकर और फिर अंत में हूटर के मार्फत वाहन चालक को सावधान करने की व्यवस्था थी। साथ ही रेल चालक को भी फाटक के बारे में सूचना देने का प्रावधान था, लेकिन जब इस तकनीक का अभ्यास किया गया तो यह परिणाम में खरी नहीं उतरी। फिर भी रेल यात्रा को सुरक्षित बनाने की दृष्टि से ऐसे तकनीकी उपाय करने होंगे, जिससे रेल हादसे हों ही नहीं। ये कब तक विकसित हो पाते है, इसका अभी इंतजार करना होगा।



**-प्रमोद भार्गव, लेखक/पत्रकार**

## सफाई निरीक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के शाखा अध्यक्ष मुकेश राजौरिया ने मेयर व नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा है। जिसमे निगम से सफाई निरीक्षक उदयवीर सिंह पर पर्यावरण मित्रों को प्रताड़ित करने तथा अभद्र भाषा का प्रयोग करने का आरोप लगाकर उनके विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि पूर्व में उक्त सफाई निरीक्षक के विरुद्ध महिला पर्यावरण मित्रों से अश्लील हरकतें करने की शिकायत की गई थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिससे सभी में रोष है। उन्होंने कहा यदि आरोपी सफाई निरीक्षक के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो पर्यावरण मित्र कार्य बंद कर आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

### सूचना

मेरा एक प्रा० भूखण्ड सं0-1 का 1/2 भाग पैमाइशी- 20X80 फिट यानि 148.169 वर्ग मी0 मध्य खेत नं0-217 वाक्या मौजा- ग्राम भूरारानी, रूद्रपुर, तहसील- रूद्रपुर, जिला- ऊधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड) में है। उपरोक्त सम्पत्ति की पुरानी वर्ष 2012 की मूल रजिस्ट्री जो पूर्व मालिक-श्री मनीष आहूजा पुत्र श्री चरन दास के नाम पर दर्ज थी जो उप निबन्धक, किच्छा (ऊधम सिंह नगर) के कार्यालय अभिलेखों में दिनांक- 20.11.2012 को बही नं0-1, इलैक्ट्रोस्टेट जिल्द नं0-1214 के पृष्ठ 117 से 134 में नम्बर 11.007 पर दर्ज है, की मूल रजिस्ट्री बैनामा कहीं गुम हो गयी है। जो काफी तलाश करने पर भी मिल नहीं पायी है। जिसका प्रयोग अवैध होगा ।

**किशन पाल पुत्र श्री दानी राम**
**निवासी मकान नंबर-65, आदर्श कॉलोनी,**
**रूद्रपुर, जिला ऊधम सिंह नगर**

## दहेज हत्या में दो महिलाओं समेत पांच लोग नामजद

### विवाहिता को फांसी पर चढ़ा कर मौत के घाट उतारा

काशीपुर(उद संवाददाता)। दहेज हत्या के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो महिलाओं समेत कुल पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर ग्राम चेल्लापुर नूरपुर जनपद बिजनौर उत्तर प्रदेश निवासी दीपक भारद्वाज पुत्र स्वर्गीय सेवक राम शर्मा ने बताया कि लगभग 5 वर्ष पूर्व उसने अपनी बहन शिवानी का विवाह ग्राम उधमावाला भगतपुर मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी विक्रांत पुत्र संजीव शर्मा के साथ धूमधाम से किया था। आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद से ही विक्रांत शर्मा, विशाल शर्मा, उसके पिता संजीव शर्मा, सास नीलम, विशाल की पत्नी रश्मि दहेज की खातिर बुरी तरह प्रताड़ित करने लगे। इस बीच कन्या पक्ष ने सुलह समझौते का भी प्रयास किया लेकिन उनकी एक नहीं चली। अंत में मंसूबे में कामयाब न होने पर दहेज लोभी ससुराल वालों ने विवाहिता को फांसी पर चढ़ा कर उसे मौत के घाट उतार दिया। इस मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर उपरोक्त पांचों के खिलाफ धारा 304 आईपीसी के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए।

## गुरुजी बन गए लाखों की साईबर ठगी का शिकार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जो शिक्षक दूसरों को सोशल मीडिया पर ठगी से बचने के लिए लोगों को जागरूक करते रहते हैं यदि वही साइबर ठगी का शिकार होने लग जाएं तो सामान्य जनता का तो जिक्र करना ही फिजूल ही जायेगा। साइबर ठगी के मामले लगातार बढ़ते जा रहे है। अब तो पढ़े लिखे लोग भी उनके झांसे में आ रहे है। ताजा मामले में साइबर ठगों ने एक शिक्षक को अपने जाल में फंसा कर स्कूटी खरीदने के चक्कर में उनसे दो लाख की रकम ठग ली। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है।जानकारी के अनुसार दमुवाढूंगा निवासी एक शिक्षक को स्कूटी खरीदनी थी। उसकी मुलाकात इंस्टाग्राम पर एक युवक से हुई। जिसने खुद को फौजी बताते हुए हल्द्वानी में तैनात बताया। उसके कहा कि 2021 मॉडल की एक उसके पास स्कूटी है, जिसे वह बेचना चाहता है। शिक्षक और युवक के बीच 26 हजार रुपए में सौदा तय हो गया। लेकिन दोनों के बीच मुलाकात नहीं हुई। युवक ने स्कूटी इंश्योरेंस के नाम पर 120 रुपए की मांग की तो शिक्षक ने ऑनलाइन पेमेंट कर दी। इसके बाद फिर फोन आया जिस पर उसने कहा कि उसने 120 नहीं बल्कि 15120 रुपए मांगे थे। तो शिक्षक ने रूपये डाल दिये। इस बीच ठग ने उन्हें ऐसे बातों की में उलझाया कि वह रूपये देते गये। उन्होंने उसे कुल 202520 रुपये दे दिये। जब वह 59 हजार रुपए और मांगने लगा तो शिक्षक को ठगी का एहसास हुआ। इसके बाद वह काठगोदाम थाने पहुंच गए। काठगोदाम पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच साइबर सेल को सौंप दी है।

## पेज एक का शेष...

**संकट में भगवान...**तथ्य सामने आया है कि केदारनाथ में नीचे उड़ते हेलीकॉप्टर के शोर से कई दुर्लभ प्रजातियों के कई जीवों का ब्रीडिंग साइकल बिगड़ा है। उत्तराखंड का राज्य पक्षी मोनाल और राजकीय पशु कस्तूरी मृग इस सेंचुरी में अब बहुत ही कम देखने को मिलते हैं । इसके अलावा तितलियों की कई दुर्लभ प्रजातियां तो गायब हो चुकी हैं। स्नो लेपर्ड, हिमालयन थार और ब्राउनबीयर भी खतरे में हैं। वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया भी हेलीकॉप्टर्स के इस शोर के कारण जानवरों के बदलते बर्ताव पर चिंता जता चुका है। कुल मिलाकर ऐसा लगता है जैसे केदारनाथ घाटी संबंधी विशेषज्ञों की आशंकाएं अब कहीं ना कहीं सच होने लगी है और सूबे की सरकार अभी भी गहरी नींद में है। यहां पर इस तथ्य का जिक्र आवश्यक है कि देहरादून स्थित वाडिया इंस्टीट्यूट में ग्लेशियर विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डीबी डोभाल का साफ कहना है कि वे सरकार को यह रिपोर्ट दे चुके हैं कि इससे मंदिर और घाटी को बड़ा खतरा हो सकता है। वही पद्मभूषण पर्यवेक्षक अनिल जोशी के अनुसार हिमालय के सबसे संवेदनशील व शांत क्षेत्र में अगर 100 डेसिबल शोर और कार्बन उत्सर्जन हर 5 मिनट में होगा, तो मंदिर, पर्यावरण एवं वन्यजीवों के लिए खतरा है। उत्तराखंड सरकार को पहले हो रहे नुकसान का आंकलन कराना चाहिए ,उसके बाद हेलीकॉप्टर उड़ान के फेरे निर्धारित किए जाएं।

**भाजपाईयों ने किया...**बर्दाश्त नहीं की जायेगी। जब अति हो गयी तो उन्हें जिला प्रशासन के खिलाफ आवाज उठानी पड़ी है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से जो भी गतिविधियां हो रही है वह ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है उन अतिक्रमणकारियों कों हटाने की है जो धार्मिक स्थल की आड़ में सरकारी भूमि कब्जाना चाहते हैं। वर्षों से बसे लोगों को उजाड़ने का सरकार का कोई इरादा नहीं है। शुक्ला ने कहा कि पंतनगर में जिन लोगों को सरकार ने खुद बसाया है उन्हें भी हटाने के लिए पुलिस प्रशासन तैयारी कर रहा है। ऐसी मानसिकता को सहन नहीं किया जायेगा। उन्होंने प्रशासन को खुली चेतावनी दी कि अगर हिम्मत है तो गरीबों को हटाकर दिखाओ। विरोध प्रदर्शन की सूचना पर एसडीएम किच्छा, प्रभारी एसडीएम भी मौके पर मौजूद रहे। साथ ही पुलिस बल भी तैनात रहा। विरोध प्रदर्शन में भाजपा नेता धर्मराज जायसवाल, मनमोहन सक्सेना, मुकेश कोली, महेन्द्र बाल्मीकि, सचिन शर्मा, सुरेन्द्र चौधरी, धनी राम समेत तमाम भाजपाई मौजूद थे।

**कड़ी सुरक्षा में ...** एक वीडियो में उन्होंने बताया था कि वे दो से तीन दिन की यात्रा पर हैं। इसकी कड़ी में वे उत्तराखंड आए हैं। उनका कहना है कि वे उत्तराखंड के संतों को बागेश्वर धाम में होने वाले आयोजन का आमंत्रण देने आए हैं। वहीं,उन्होंने आचार्य बालकृष्ण से मुलाकात भी की है। इस दौरान उन्होंने अपने विरोधियों को नसीहत भी दी। उन्होंने कहा कि मिलकर सनातन का झंडा गाड़िए, कायदे में रहेंगे तो फायदे में रहेंगे।

**ट्रेन की चपेट मे...**है कि लालकुआं से सुबह डेमो एक्सप्रेस ट्रेन जैसे ही गूलरभोज के समीप पहुंची तभी आवासीय कॉलोनी से निकलकर एक युवक ने रेलवे ट्रैक को पार करने का प्रयास किया अचानक सामने आती बाइक को देखकर लोको पायलट शक्ति कुमार ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर गाड़ी को किसी तरीके से संभालने का प्रयास किया लेकिन इससे पहले ही बाइक ट्रेन की चपेट में आ गई। घटना घटते ही युवक बाइक को छोड़कर फरार हो गया। अचानक हुई इस घटना से पूरी ट्रेन में हड़कंप मच गया लोग ट्रेन से बाहर निकले । दुर्घटना टलने पर लोगों ने राहत की सांस ली। लोको पायलट शक्ति कुमार के अनुसार जब वह खंबा नंबर 19/9/10 के समीप पहुंचे तभी एक युवक ने ट्रेन देखने के बाद भी ट्रेन पार करने का प्रयास किया जिससे यह हादसा हुआ।उन्होंने

इमरजेंसी ब्रेक लगाकर किसी तरह गाड़ी को कंट्रोल किया जिसके बाद इंजन के नीचे फंसी बाइक को ट्रेन को आगे पीछे कर किसी तरह से बाहर निकाला और काशीपुर में रेलवे सुरक्षा बल को सौंप दिया। प्रभारी निरीक्षक रेलवे सुरक्षा बल लालकुआं अमित वर्मा ने बताया कि यह घटना गूलरभोज के समीप घटी है तथा रेलवे सुरक्षा बल की टीम जांच पड़ताल के लिए मौके पर पहुंच चुकी है तथा बाइक को कब्जे में लेकर के कार्यवाही की जा रही है।

**रेलवे ट्रैक पर ...**लेकिन शिनाख्त नहीं हो पायी। पुलिस ने आस पास के लोगों से मृतक के बारे में जानकारी जुटायी लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। बाद में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया। फिलहाल पुलिस शिनाख्त के प्रयास कर रही है। एसएसआई अर्जुन गिरी गोस्वामी ने बताया कि मृतक के चेहरे पर चोट के निशान है। जांच मामले की जांच कर रही है।

**खड़े ट्रक से भिड़ी...**गया। उसे निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रेमनगर थानाध्यक्ष पीडी भट्ट ने बताया कि मृतक के भाई सुनील पाल की तहरीर पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व० तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा   समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

CONSTRUCTING HAPPINESS

Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden

RERA APPROVED PROJECT
UKREP05230000497

# काशी गार्डन

## आवासीय प्लॉट एवं विला

- रेरा एप्रूव्ड कॉलोनी
- 40 एवं 30 फीट की सड़कें
- 4 पार्क
- गेट बंद कॉलोनी
- सीव्रेज व्यवस्था
- ए-क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर
- 90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा

साईट ऑफिस - शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास, रुद्रपुर

86504-18000